क्रिकेट

कॉमरेड रामशंकर रजक स्मृति रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता

# रेड रोज सोनपुर, स्टाइल बॉयज ने जीते मैच



**नवभारत, जबलपुर।** ओलंपिक ग्राउंड खमरिया में चल रही 27 वीं कॉमरेड रामशंकर रजक स्मृति रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में रेड रोज सोनपुर और स्टाइल बॉयज ने मैच जीते। आयोजन समिति के सुरेश ने जानकारी देते हुए बताया कि दिन का पहला मैच रेड रोज सोनपुर बनाम जाबालिपुरम स्टार के बीच खेला गया जिसमें रेड रोज की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए दस ओवरों में 5 विकेट खोकर 114 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जाबालिपुरम स्टार की टीम 82 रन ही बना सकी। इस प्रकार रेड रोज सोनपुर ने 32 रनों से मुकाबला जीत लिया। टीम के मैन ऑफ द मैच रचित रहे।

दूसरा मैच स्टाइल बॉयज बनाम खमरिया इलेवन के बीच खेला गया मैच। जिसमें खमरिया इलेवन ने पहले बैटिंग करते हुए दस ओवर में 39 रन 9 विकेट खोकर बनाए। जवाबी वारी में स्टाइल बॉयज की टीम ने 7 विकेट खोकर आठवें ओवर में मैच जीता। इस मौके पर मुख्य अतिथि कॉमरेड सुरेश, खेल समिति अध्यक्ष निखिल सुमन, अल्फांस , विनय चवारे, राष्ट्रीय कमेंटेटर गजेंद्र पाल सिंह, ग्राउंड कमेटी सदस्य देवाशीष, आशीष कुमार सिंह, आशीष श्रीवास्तव सहित समस्त यूनियन के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## बकानुमा चाकू चमका महिला को धमकाया

**जबलपुर ।** गोहलपुर थाना अंतर्गत अहमद नगर में बदमाश ने बकानुमा चाकू चमका महिला को धमकाया। पुलिस के मुताबिक सोमवार को निशात अंजुम 30 वर्ष निवासी फूटाताल बेलबाग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका मायका अहमद नगर गोहलपुर में है। रविवार रात लगभग 12 बजे वह अपनी मॉ मुमताज बानो और बहन अंजुम बानो के साथ घर पर थी तभी मोहल्ले का मुईनुद्दीन उर्फ कल्लू उसके घर के सामने आकरे बोला कि घर के बाहर निकलो वह अपनी मॉ एवं बहन के साथ घर के बाहर निकली, मुईनुद्दीन हाथ में बका जैसा चाकू रखे उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो हाथ मुक्कों से मारपीट कर सिर माथे में चोट पहुॅचाया एवं चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया।



# टैलेंट सर्च स्पोर्ट्स कल्चर प्रोग्राम का हुआ आयोजन

**नवभारत, जबलपुर ।** भारतीय संस्कार मंच द्वारा स्मॉल वंडर स्कूल, बलदेवबाग में 'टैलेंट सर्च, स्पोर्ट्स, संस्कृति एवं कल्चर' के द्वितीय सत्र का सफल आयोजन में 200 विद्यार्थियों ने विविध विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंदु सुशील तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मैत्री दीदी ने की तथा उपस्थित प्रतिभागियों को अपने आशीर्वचनों से अनुग्रहित किया। इस अवसर पर डॉ. पूनम अग्रवाल, डॉ. आरुषि अग्रवाल, डॉ. मृदुलिका त्रिपाठी, डॉ. मृदुला चौरसिया, नरेन्द्र सोनकर, अमर कदम, सुश्री रितु रजक, सुश्री रितु महरे प्रकृति क्षेत्री उपस्थित रहीं, निर्णायक मंडल में सुश्री अनामिका अग्रवाल, शारदा उपाध्याय एवं दीप्ति नीलिमा रैकवार सम्मिलित रहीं, टैलेंट सर्च की अध्यक्षा ज्योत्सना सिंह ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु सांस्कृतिक आयोजन होना चाहिए, कार्यक्रम के सूत्रधार मंच के महासचिव राम किशोर सोनी ने कहा कि भारतीय संस्कृति का संवर्धन करना तथा प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी संस्कृति से परिचित होना चाहिए। कार्यक्रम में स्मॉल वंडर स्कूल, ब्रह्मर्षि विद्यालय नर्मदा नगर, महर्षि विद्या मंदिर नेपियर टाउन, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट, विजडम पब्लिक स्कूल, आर.के. इंडिया स्कूल, डब्लू.एस.जी. रेलवे स्कूल, एम.एम.पी. विद्यालयों के विद्यार्थियों ने श्लोक वाचन, मंत्रोच्चार, शास्त्रीय नृत्य एवं गायन की प्रस्तुतियाँ दी एवं अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना की।



# गुड्डा-गुड़िया का कराया गया विवाह

**नवभारत, जबलपुर।** हिन्दू धर्मावलंबियों के पवित्र पर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर लीनेश शक्ति स्वरूपा ग्रुप द्वाराएक भव्य समारोह आयोजित कर गुड्डा-गुड़िया का विवाह कराया गया। ग्रुप की डायरेक्टर रेखा जैन व अध्यक्षविनीता यादव दुल्हा दुल्हन की अभिभावक बनी। कार्यक्रम में आशीर्वाद समारोह पूर्णत: रीति रिवाज अनुसारवास्तविक रहा। इस अवसर पर ग्रुप की संगीता त्रिपाठी, मनीषा अवस्थी, साधना बड़कुल, उपकार ठाकुर, रेणुशर्मा, बबीता मुहाने, कंचन तिवारी, तृप्ति यादव, अर्चना यादव, कृष्णा यादव, सुभंगी सिंह, ऋतु जैन, निधि जैन, रेणु वैश्य, राजकुमारी, अर्चना, कीर्ति, काजल, मुस्कान, कौशल्या, चहक, शालिनी सहित बड़ी संख्या में आमंत्रितउपस्थित रहे।

# दो घरों के टूटे ताले, जेवर नकदी ले गए चोर

**नवभारत, जबलपुर ।** गोहलपुर थाना अंतर्गत सारा सिटी अमखेरा में चोरों ने दो घरों के ताले तोड़कर जेवरात, नगदी पार कर दी। पुलिस के मुताबिक सोमवार को श्रीमति निलोफर खान 45 वर्ष निवासी सारा सिटी अमखेरा रोड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पति गुलाम मुस्तफा पेंटिंग का काम करता है ससुराल में शादी होने पर वे गई थी। इसी दौरान चोरों ने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात चुराकर ले गए। उसके घर के सामने रहने वाले मोहसिन के घर का ताला टूटा हुआ था जिसके घर से आलमारी से नगदी 50 हजार रूपये चोरी हो गये हैं।

## दुकान से चने की बोरियां गायब

विजय नगर थाने में सोमवार को पियूष उर्फराजा जैन 38 वर्ष निवासी रवि किरण सोसायटी विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी कृषि उपज मंडी में गल्ले की दुकान का निर्माण कार्य चल रहा है दुकान का अनाज बोरियों में भरकर दुकान के बाहर मैदान में रखा है अनाज की बोरी पीली तिरपाल से ढक दिया था। चोर द्वारा दुकान से चने की 2 बोरी कीमती लगभग 7 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है।

# अघोषित बिजली कटौती से नागरिक त्रस्त

- बिजली कटौती का असर विवाह के सीजन पर भी पड़ रहा




**अमरपुर नवभारत 20 अप्रैल।** अमरपुर जनपद पंचायत मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों हो रही अघोषित रूप से बिजली कटौती ने भीषण गर्मी में लोगों की परेशानी बढ़ा दी हैं।

रोजाना दोपहर में बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों तक बिजली बंद रहने से विद्युत संबंधित व्यवसाय सहित आमजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। हल्की हवा तूफान चलते ही घंटों बिजली गुल हो जाती हैं। बिजली कटौती का असर शादी-विवाह के सीजन पर भी पड़ रहा हैं। जहां मसाले पीसने से लेकर अन्य आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

### बिजली बिल में बढ़ोतरी, लेकिन सुविधा नहीं

फोटो कॉपी दुकान, कम्प्यूटर सेंटर, वेल्डिंग वर्क, आटा चक्की आदि व्यवसायियों का कारोबार ठप्प पड़ रहा हैं। शाम के समय भी कई बार रात 8 बजे तक बिजली नहीं रहती, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना हैं कि बिजली बिल में बढ़ोत्तरी के बावजूद सुविधा नहीं मिल रही। क्षेत्रवासियों ने बिजली व्यवस्था को सुचारू करने की शासन प्रशासन से मांग की हैं।

# 56 लीटर अवैध शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मारा था छापा



**कोतमा नवभारत 20 अप्रैल।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी नवीन तिवारी के मार्गदर्शन में कोतमा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी व देशी शराब एवं अवैध व्यापार में लिप्त आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया। रविवार की शाम थाना प्रभारी कोतमा रत्नांबर शुक्ल को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उरतान में एक व्यक्ति अपने घर में काफी मात्रा में शराब रखा हुआ है एवं एक-एक कर गली में लाकर लोगों को बेच रहा है। मुखबिर सूचना से अवगत होकर थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम गठित कर छापामार कार्यवाही की गई।

### घर की तलाशी लेने पर हुआ भंडाफोड़

इस दौरान एक व्यक्ति अपने आंगन से गली में लाकर लोगों को शराब बेच रहा था, जिसने अपना नाम गंगाराम यादव उर्फ गंगू यादव बताया। तलाशी लेने पर उसके घर में कुल 7 खाकी रंग के कार्टून में अलग अलग ब्रांड की अंग्रेजी एवं देशी शराब कुल 56.35 लीटर कीमती 26844 रुपए का होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध शराब जब्त की गई।

## युवक पर चाकू से हमला

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत कटियाघाट में बदमाशों ने घर में घुसकर युवक पर चाकू से हमला कर दिया । पुलिस के मुताबिक सोमवार को श्रीमति जीरा बाई भूमिया 40 वर्ष निवासी कटियाघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात लगभग 12-30 बजे घर के सभी लोग खाना खाकर घर में सो रहे थे वह पति राजकुमार भूमिया के साथ घर के आंगन में बात कर रही थी तभी मोहल्ले के साहिल चौधरी, शिवा भूमिया, बंटी एवं छोटू आकर उसके पति के साथ विवाद करते हुये बोले कि अभी तक क्यों नहीं सोया है, तीनों उसके पति से शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगे, पति ने रूपये देने से मना किया तो साहिल चौधरी ने चाकू से हमलाकर उसके पति की दोनों जांघों में चोटें पहुॅचा दीं, शिवा, बंटी एवं छोटू ने पति के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट कर चोट पहुंचा दी।

# मंदिर से चोरी गया चांदी का मुकुट और छत्र बरामद





- कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नवभारत उमरिया 20 अप्रैल।** मंदिर चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गया चांदी का मुकुट एवं चांदी का छत्र बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी द्वारा 3 अप्रैल को ग्राम ददरी स्थित हनुमान मंदिर में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं मशरूका बरामदगी हेतु निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी पीएस परस्ते के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मदन लाल मरावी एवं पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही की गई।

### ऐसे हुआ खुलासा

घटना के खुलासे हेतु पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का सूक्ष्म अवलोकन किया गया तथा संदेहियों की पहचान कर तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया गया। तत्पश्चात जिला कटनी से दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

### योजनाबद्ध तरीके से चोरी की वारदात को दिया अंजाम

पूछताछ में आरोपी प्रकाश उर्फ अभिषेक दुबे द्वारा स्वीकार किया गया कि वह पूर्व में मंदिरों की रेकी कर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की वारदात करता है। उक्त घटना में उसने हनुमान मंदिर ददरी से चांदी का मुकुट एवं छत्र चोरी कर अपने साथी राहुल उर्फ लालू सोनी को बेचने हेतु दिया था।

# रंग लाई निगमायुक्त की मेहनत, नगर निगम ने छठवीं बार मारी बाजी

नगर निगम को प्राप्त अधिकांश शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण




**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की मेहनत, सतत् प्रयास एवं मॉनिटरिंग के एक बार फिर सुखद परिणाम सामने आए हैं। सी.एम. हेल्पलाइन के माध्यम से नगर निगम को प्राप्त अधिकांश शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर नगर निगम ने वेटेज स्कोर के आधार पर 98.95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में जबलपुर नगर निगम ने छटवीं बार बाजी मारी है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा कुल 3 हजार 79 शिकायतों में से लगभग 59.16 प्रतिशत शिकायतों का शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर उनकी संतुष्टि के बाद निराकरण कराया गया है। नगर निगम को इसके लिए मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी ग्रेडिंग लिस्ट में प्रदेश में छटवीं बार प्रथम रैंक प्राप्त करते हुए ए ग्रेड दिया गया है। इस प्रकार नगर निगम जबलपुर के द्वारा अधिकतम प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक एवं सकारात्मक निराकरण किया गया।

### टीम को दीं बधाइयां

निगमायुक्त ने इस उपलब्धि के लिए टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी और आगे भी इसी तरह से काम करने की प्रेरणा भी दी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन स्तर पर प्रतिमाह नगर निगम के कार्यो की ग्रेडिंग जारी की जाती है। जिसके अंतर्गत माह मार्च 2026 की ग्रेडिंग जारी हुई है, जिसमें जबलपुर को ए ग्रेड और प्रदेश के सभी नगर निगमों में छटवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह निगम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की हुई सतत मॉनिटरिंग

निगमायुक्त के अनुसार सभी शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को सही दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिये गए, जिसके परिणाम स्वरूप नगर निगम जबलपुर द्वारा यह उपलब्धि हासिल की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अब आगे भी इसी प्रकार रैंकिंग बनाए रखने की दिशा में टीम भावना से मेहनत करेगें। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की उनके द्वारा सतत एवं नियमित रूप से निगरानी की जाती है और टीम के सभी सदस्यों से संवाद स्थापित कर उन्हें शिकायतकर्ताओं के द्वार तक भेजा जाता है। अधिकारियों के द्वारा शिकायतकर्ताओं तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान किए जाने से शिकायतकर्ता भी संतुष्ट होते हैं और भी नगर निगम की कार्यप्रणाली लेकर उनका विश्वास भी निरन्तर मजबूत हो रहा है। उल्लेखनीय है कि जबलपुर में पदस्थापना के बाद से ही निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है जिसके परिणाम स्वरूप मात्र 7 माह की पदस्थापना की अवधि में छह बार सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में नगर निगम जबलपुर ने छठवीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-अनूपपुर (म0प्र0)

क्र./ /खनिज/2026/ E-mail modgmanu@mp.gov.in अनूपपुर, दिनांक:-

म0प्र0 गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा आवेदन प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स सरस्वती मिनरल्स प्रो. श्री घनश्याम तिवारी निवासी वार्ड क्रमांक-01 गोरखपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा उत्खनिपटटा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 10.04.2026 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 20.05.2026 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थिति उत्खनिपटटा आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अनूपपुर | पुष्पराजगढ | धीरूटोला | 8, 9, | 1.619 | (शासकीय भूमि) | " बोल्डर " | नवीन आवेदन |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदनपत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिजनियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समक्षा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रो को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है ता`प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जासकेगा।

1. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

उप संचालक
(खनि प्रशासन) जिला अनूपपुर (म.प्र.)

जी.- 11833/26

बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल